| VIDEO | AUDIO |
| --- | --- |
| | यादगार सफ़र की यह तो शुरुआत है<br>सूझ बूझ से भरे हैं, अलग इनकी बात है<br>कोई है पढने में आगे, कोई हवा जैसा भागे<br>कोई जानकार बड़ा, कोई दिल से है जुड़ा<br>अलग अलग भले हों ये, रहे एक साथ हैं<br>यादगार सफ़र की यह तो शुरुआत है<br>सूझ बूझ से भरे हैं, अलग इनकी बात है |
| CUT TO: CANTEEN<br><br>We see the group in a school canteen; 2 girls and 2 boys aged 17-18. | |
| Laddoo is busy eating. He finishes a samosa in one bite. | |
| | आखिरी साल है स्कूल का... इस बार कौन फर्स्ट आएगा?<br><br>Laddoo: मै<br><br>Swati: खाने में नहीं लड्डू....उसमे तो हम सब तुम से हार मान चुके हैं.<br><br>Laddoo: बाकी सब में या तो जागृति या अधिकार...<br><br>Adhikaar: अब तक जागृति टॉप करती है क्युकी मै खेलों में व्यस्त था...<br><br>Jagruti: अच्छा तो इस बार तो खेल नहीं थे कोई...<br><br>Adhikaar: तभी तो इस इस बार तुम सेकंड आने वाली हो<br><br>Laddoo: तो हो जाए एक शर्त<br><br>Adgikaar: बिलकुल..<br><br>Jagruti: शर्त किस लिए? मै तो चाहती हूँ कि दोनों फर्स्ट |

| | |
|---|---|
| | आयें. |
| Laddoo is already dreaming of the feast | Laddoo: दोनों फर्स्ट...मतलब दो पार्टी... |
| | Swati: मतलब तुम्हारे दोनों हाथों में लड्डू. |
| We see a montage of the group distributing sweets to various people. They travel all through the neighbourhood and a song begins | |
| | मेहनत का फल, मिला जिसे भी<br>उसने बाँट ली अपनी ख़ुशी<br>जो पीछे रह गया वो कर रहा प्रयास है<br>यादगार सफ़र की यह तो शुरुआत है |
| CUT TO: **MUSIC TEACHER'S HOUSE**<br>We see the group enter their teacher's house. | |
| The teacher gets on to his harmonium and says: | All kids: नमस्ते...सर |
| | Teacher: नमस्ते बच्चों...बैठो<br>और आप सब को<br>(Singing)बधाई हो बधाई हो<br>मिठाई दो, मिठाई दो |
| | Swati: पर टॉप सिर्फ जाग्रति ने किया है सर... |
| | Teacher: हाँ पर अधिकार खेलो का टॉपर है....स्वाति साइंस की...और लड्डू..... |
| | Laddoo: मै एक पेपर में पास भी नहीं हुआ.... |
| | Teacher: (singing)<br>बाकी 4 में तो हो गए पास.... आगे करते रहो प्रयास |
| | Laddoo: अरे वाह सर.....मुझे पहली बधाई आपसे मिली....बताइये कौन सी मिठाई खायेंगी आप..... |

Teacher: मिठाई में ले लूँगा पर ये बताइए आपके आगे के क्या प्लान हैं.....

Swati: मै शिक्षक बनूंगी...

Jaagruti: मुझे तो आई ए एस की तैयारी करनी है..

Adhikaar: अभी तो नहीं सर? पर शायद पुलिस फॉर्स ज्वाइन करूं...देश के लिए कुछ करूं

Teacher: जो भी करो अच्छा करो...पर देश के लिए कुछ करने के लिए तुम्हे अब ज्यादा इंतज़ार नही करना...

Laddoo: अभी से थोड़ी न हम पुलिस, फ़ौज या अफ्सर बन सकते हैं...

Teacher: आप सबसे बड़े अफ्सर बनने वाले हैं जल्दी...

Swati: लड्डू और अफ्सर...इसका तो नाम भी अफ्सर वाला नहीं.

Teacher: (Singing) नाम, रंग, धर्म सारे भेदभाव
इन सबसे ऊपर हैं अपने चुनाव

Adhikaar: कहीं आप वोटिंग की बात तो नहीं कर रहे...

Teacher: बिलकुल सही....

Laddoo: मै तो 18 का हो चुका पर ये सब अभी बच्चे ही हैं ....

Teacher: नहीं हुए पर होने वाले हैं. और इसीलिए
मै चाहता हूँ की सब लोग पहले से तैयार रहे...

Laddoo: पहले से तैयार...मुझे तो अभी सिर्फ अपनी कम्पार्टमेंट के लिए तैयारी करनी है...

Adhikaar: मिठाइयाँ खा के?

Laddoo: खाऊंगा तभी तो दिमाग चलेगा...

Teacher: वो फिर भी मुश्किल है पर ये वाली तैय्यारी आसान है.....

Swati: हाँ 18 के हुए और हो गए तैयार....

| | |
|---|---|
| | Teacher: हाँ...18 के होने पर आप तैयार हैं पर सिर्फ इतना काफी नहीं......<br><br>Jaagruti: Voter Card की बात कर रहे है आप...<br><br>Teacher: हाँ, पर हम ठहरे सुरों वाले आदमी, ज्यादा जानकारी तो सुरेश सर के पास मिलेगी<br><br>Adhikaar: स्पोर्ट्स टीचर?<br><br>Teacher: हाँ वो बी एल ओ भी तो हैं.<br><br>Laddoo: बी एल ओ, बोले तो....<br><br>Jagruti: बूथ लेवल ऑफिसर..... |
| The teacher notices that Laddoo is uneasy. | Teacher: क्या हुआ लड्डू?<br><br>Adhikaar: कुछ नहीं सर...माना की लड्डू का पेट एक गोदाम की तरह है पर फिर भी उसकी भी अपनी लिमिट हैं....<br><br>Swati: अब हम चलें सर...बाकी मिठाइयाँ भी बांटनी हैं...<br><br>नोक झोंक के खट्टे मीठे पल, पल में शायद जाए बदल<br>पर जब तक साथ हैं ये, खुशियों की बरसात है<br>यादगार सफ़र की यह तो शुरुआत है |
| The group is now on a street. | Laddoo: अधिकार, क्या तुम्हारे पास सिक्के पड़े हैं<br><br>Adhikaar: अभी तो 5 किलो लड्डू खाए तुमने...फिर भूख लग गयी?<br><br>Laddoo: नहीं यार...अपनी किस्मत का फैसला करना है?<br><br>Swati: फिल्मी स्टाइल...सिक्का उछाल के? |

| | |
|---|---|
| | Laddoo: मुझे फैसला करना है की अभी पढाई करूं या नहीं.....तो अगर चित आया तो मस्ती और पट आया तो... |
| | Swati: पढाई? |
| | Laddoo: नहीं...पट आया तो पेट पूजा |
| | Jagruti: तो पढाई? |
| | Laddoo: पढाई तब अगर सिक्का बीचों बीच खड़ा हो गया तो |
| | Adhikar: लड्डू ...तुम्हारे पैर कहाँ हैं? |
| CUT TO: **ORCHARD SCENE**<br>We see the group of friends in an orchid. Adhikaar is trying to get on the mango tree, Swati is aiming at the mangoes with her catapult. Laddoo is already enjoying a handful. | |
| | Laddoo: बस करो अधिकार...तुम्हारे बस की बात नहीं |
| | Adhikaar: मै हार नहीं मानने वाला |
| | Laddoo: तो लगे रहो |
| We see a shorter boy of the same age. He starts climbing a tree and gets to the top in no time. Everybody is amazed. His name is Zahir. Zahir plucks mangoes and collects them in a sachel. | |
| | Jagruti: वो देखो, अधिकार. कुछ सीखो उससे. |
| | Adhikaar: मेरा हाथ ज़रा फिसल रहा था..वरना... |
| | Laddoo: अब रहने भी दो... |
| Laddoo starts walking towards Zahir. | Laddoo: अरे वाह, तूम तो कमाल हो.. |
| | Zahir: आम चाहिए? |
| Laddoo nods... | |
| Zahir throws a few mangoes and laddoo drops it. Adhikaar approaches and starts catching the mangoes.<br>Zahir gets down. | |

| | |
|---|---|
| | Adhikaar: ज़हीर, मुझे नहीं पता था तुम पेड़ पर चड़ने के एक्सपर्ट हो<br><br>Zahir: हाँ...स्कूल में कभी मौका नहीं मिला न पेड़ पे चढ़ने का...जागृति को क्या हुआ<br><br><br>Jagruti: कुछ ही दिनों में हम कॉलेज जायेंगे और अलग हो जायेंगे...<br><br>Laddoo: साथ भी तो हो सकते हैं......<br><br>Swati: तुम तो अभी से अलग हो गए...पास तो हो जाओ पहले<br><br>Laddoo: छोड़ो न... ये वक़्त आम का है छूट न जाए...परीक्षा का बाद में सोचूंगा |
| We see Suresh Sir. | Zahir: अरे सर आप<br><br>Suresh**:** ये आम का समय है पर आम समय नहीं ....<br><br>Laddoo: **मतलब?**<br><br>Suresh: मतलब ये....यही लेने वी एफ सी गया था<br><br>Swati: VFC **मतलब?**<br><br>Suresh**:** Voter Facilitation Centre... आप लोगों के लिए फॉर्म 6 लाने.<br><br>Zahir: कॉलेज के दाखिले का फॉर्म<br><br>Jaagruti: नहीं...लोकतंत्र में दाखिले का फॉर्म<br><br>Laddoo: पर इसमें हमे क्या करना है...18 के होने के बाद तो ये हक़ हमे अपने आप ही मिल जाता है...<br><br>Jagriti: अपने आप तो नहीं मिलता होगा....हर चीज़ तभी मिलती है जब आप उसके लिए तैयार रहे....<br><br>Adhikaar: जैसे जागृति परीक्षा के लिए तैयार रहती है<br><br>Jaagruti: और अधिकार अपने खेलों के लिए |

| | |
|---|---|
| | Swati: और लड्डू खाने के लिए<br><br>Laddoo: और तुम सब मेरा मज़ाक बनाने के लिए<br><br>Zahir: तो कैसे होती है मतदान की तैय्यारी<br><br>Suresh: फॉर्म 6 भर के<br><br>Jagruti: वोटर कार्ड भी तो चाहिए होता है?<br><br>Suresh: बिलकुल सही...<br><br>Adhikaar: तो ये तो आसान है...इसमें इतनी कौन सी बड़ी बात है....<br><br>Suresh: बात ये है कि वोटर कार्ड बनवाना आसान है पर वोटर कार्ड होना काफी नहीं है वोट डालने के लिए....<br><br>Swati: तो आप ही बताइए...क्या किया जाए<br><br>Suresh: आप मतदान के लिए तैयार हैं...तो आपका नाम मतदान सूची में होना आवश्यक है...<br><br>Zahir: और सूची में नाम कैसे आएगा....<br><br>Suresh: फॉर्म 6 ले आयें...उसे भरें और साथ में पते और आयु का प्रमाण लगा कर बी एल ओ को दे दें या फिर वी एफ सी जमा करवा दें...<br><br>Adhikaar: पते का प्रमाण?<br><br>Suresh: हाँ कोई भी ऐसा दस्तावेज़ जिसमे आपका पता लिखा हो.<br><br>Laddoo: जैसे घर के दरवाज़े पे लिखे नंबर की फोटो या किसी चिट्ठी की फोटो...उसपर भी तो पता लिखा होता है...<br><br>Suresh: नहीं लड्डू...पते का प्रमाण किसी सरकारी दस्तावेज़ से होता है जैसे की बैंक की पासबुक, बिजली या कोई और बिल.<br><br>Swati: और आयु का प्रमाण?<br><br>Adhikaar: वो तो मुझे पता है....हमारे टूर्नामेंट्स में अक्सर ज़रुरत पड़ती है तो वो स्कूल या सरपंच द्वारा जारी दस्तावेज़ होता है... |

| | |
|---|---|
| | Suresh: बिलकुल सही. तो एक बार फिर दोहरा लेते हैं...बोलो लड्डू, कौन सा फॉर्म...<br><br>Laddoo: 6...अब आम सर?<br><br>Suresh: साथ में एक प्रमाण पते का और एक....<br><br>Laddoo: आयु का...अब आम<br><br>Suresh: बिलकुल सही<br><br>Swati: पर, अगर लड्डू पास नहीं हुआ तो आयु का प्रमाण मिल तो जाएगा न इसे भी....<br><br>Suresh: लड्डू पास होगा...हैं न लड्डू?<br><br>Laddoo: हम्म्म मम्म...अब आम |
| We see the group devour the mangoes. A montage shows all of them enjoying. | |
| Song begins | रंग है कितने बिखरे, मस्ती की भरमार है<br>ज़ायके नए नए, हंसी बेशुमार है<br>यादगार सफ़र की यह तो शुरुआत है |
| CUT TO: **MELA PREPARATION**<br>It's early morning. We see the group as well as Zahir . Laddoo is not there. | |
| Laddoo appears carrying an overstuffed bag on his shoulder and another hand bag. | |
| | Adhikaar: अच्छा हुआ मैडम हमे मेला ले जाने के लिए तैयार हो गयी..<br><br>Jagruti: पर ये लड्डू कहाँ रह गया...<br><br>Zahir: ओये लड्डू...तुम तो पूरी दूकान उठा लाये.. |

| | |
|---|---|
| | Laddoo: और क्या....पूरा दिन बाहर रहना है...भूखा थोड़ी रहूँगा |
| | Adhikar: जब तक मैडम आती हैं तब तक हो जाए एक लम्बी कूद का कम्पटीशन |
| | Laddoo: हम लम्बी नहीं... ऊंची कूद के खिलाड़ी हैं...मै इस दीवार से भी ऊंचा कूद सकता हूँ |
| | Jagruti: तो कूद के दिखाओ |
| | Laddoo: ये लो |
| Laddoo jumps a little. | Swati: तुमने तो कहा था दीवार से ऊंचा कूदोगे |
| | Laddoo: हाँ तो क्या ये दीवार इतना ऊंचा कूद सकती है? |
| | Teacher: तैयार हैं सब मेले के लिए... |
| | Zahir: बाकियों का पता नहीं पर लड्डू तो तैयार है |
| A lady enters | Adhikaar: कुछ दिन और साथ रह लो..तुम्हे भी आदत पड जायेगी.... |
| CUT TO: **MELA**<br>The group is now in a mela. We see a montage of shots. Everyone is enjoying different rides and games at the Mela.<br><br>We come across a puppet show. The puppets are dancing to a raja rani song. | |
| | Adhikaar: ये राजा रानी की मनर्मज़ियों वाले कठपुतली के खेल में, आम आदमी भी कठपुतली है.... |
| | Teacher: था.....पर अब लोकतंत्र है और लोकतंत्र में ही प्रजा ही राजा है.... |
| | Jagruti: फिर तो सही चुनाव करना बहुत ज़रूरी है... |
| | Teacher: जी हाँ.... |
| | Zahir: और सही चुनाव करने के लिए जानकारी ज़रूरी है. |
| | Laddoo: अब खाने का भी चुनाव कर लें? बोलो क्या खायेंगे |

| | |
|---|---|
| Another montage of the group sharing some laughs as well as their food. | सब? |
| CUT TO:**RIDES**<br>We see the kids enjoying different rides except Zahir. | |
| | Teacher: सब कोई न कोई झूला झूल रहे हैं...तुम्हे क्या हो गया<br><br>Zahir: मुझे नहीं झूलना...मुझे चक्कर आता है<br><br>Laddoo: तो यहाँ आये ही क्यों थे...कोई तो झूला चुनना पड़ेगा....<br><br>Jagruti: ये तो कोई ज़रूरी नहीं....<br><br>Swati: देखिये न मैडम, ये इसे तंग कर रहा है कि कोई न कोई झूला चुनना पड़ेगा....<br><br>Teacher: क्यों भाई लड्डू तुम ज़हीर से एक बिस्कुट का बदला अब तक ले रहे हो .......तुम्हे नहीं पता क्या...कि अगर कोई विकल्प पसंद न हो तो अब सिर्फ यहाँ ही नहीं चुनाव में भी NOTA या आप 'इनमे से कोई नहीं' का बटन दबा के अपनी इच्छा ज़ाहिर कर सकते हैं.... |
| We see the sarpanch. Everyone greets each other. | Sarpanch: मेले में भी चुनाव की तैय्यारी? भाई वाह<br><br>Teacher: जी हाँ, नमस्ते सरपंच जी<br>Kids together: नमस्ते सरपंच जी<br><br>Sarpanch: नमस्ते<br><br>Sarpanch: तो सब तैयार हैं चुनाव के लिए? फॉर्म 6 भर दिया?<br>Adhikaar : जी सरपंच जी...पर यदि कोई शहर बदलता है तो |

| | |
|---|---|
| | रजिस्ट्रेशन कैसे होता है.....<br><br>Sarpanch: चुनावी क्षेत्र वही है तो फॉर्म 8 A और बदल गया है तो फॉर्म 6 |
| CUT TO: **KULFI**<br><br>We see the group near a Kulfi waala | |
| | Zahir: कुल्फी हो जाए....<br><br>Laddoo: नहीं यार मेरा तो गला खराब है...<br><br>Adhikaar: क्या हुआ लड्डू, लगता है पेट में हाउस फुल हो गया....<br><br>Laddoo: नहीं मेरा सिर्फ गला ख़राब है...<br><br>Zahir: अरे शरमाओ मत...बोलो न कौन सी आइसक्रीम लोगे मैंगो, वनिला, चोकलेट...कुछ तो लेना पड़ेगा..... बोलो कौन सा फ्लेवर चाहिए.....<br><br>Laddoo: NOTA.....इनमे से कोई नहीं<br><br>Jagruti: अरे वाह लड्डू, तुम तो चुनाव के लिए भी तैयार लग रहे हो बिलकुल....<br><br>Laddoo: एक दम सैट |
| CUT TO: **BUS-STOP**<br><br>We see the teacher and the kids waiting for the bus. | |
| | Swati: इतनी देर से बस क्यों नहीं आई..<br><br>Teacher: क्युकी अगली बस 6 बजे की है..<br><br>Jagruti: आपको कैसे पता चला<br><br>Teacher: मैंने निकलते वक़्त बसों के टाइम टेबल की फोटो ले ली थी...देखा टेक्नोलॉजी ने सब कुछ कितना आसान कर दिया है |

| | |
|---|---|
| | Adhikaar: वो तो है |
| | Zahir: पर क्या चुनावों में भी कुछ बदला है या आसान हुआ...... |
| | Teacher: बिलकुल...मतदाता सूची में नाम जांचना....मतदाता पंजीकरण....अपना पोलिंग बूथ और प्रत्याशियों के बारे में जानकारी इन्टरनेट पर मौजूद है और काफी कुछ तो फोन पर भी |
| | Jagruti: और अब तो चुनाव परिणाम भी बहुत जल्दी आ जाते हैं |
| | Swati: वो ई वी एम की वजह से .... |
| | Laddoo: ई वी एम तो कोई मोबाईल का नाम लग रहा है... |
| | Teacher: नहीं....ये इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन हैं.............सिर्फ एक बटन दबाओं और हो गया आपका वोट. |
| | Zahir: बस कब आएगी...उसका भी कोई बटन है क्या. |
| | Laddoo: बस का तो नहीं पर तब तक टाइम पास करने के लिए ये बिस्कुट हैं... |
| | Swati: तुम अभी तक खाते खाते थके नहीं |
| Just then we see the bus arrive...the group enters the bus. They are all tired and sleepy. | Laddoo: थक तो गया...लेकिन पेट नहीं भरा....अब तो बिस्कुट भी ख़तम होने वाले हैं ये बस कब आएगी... |
| | Teacher: सबको नींद आ रही है...सो जाओ...बस जो मैंने आज बताया है वो भूलना मत...और औरों को भी बताओ... |
| | Adhikaar: ऐसे ही समाज में जागृति आएगी |
| | Jagruti: और सबके अधिकार सुरक्षित होंगे |
| | Swati: और इतनी खुशियाँ होंगी तो लड्डू तो रोज़ बटेंगे...... |
| | Laddoo: और लड्डू किसे नहीं पसंद. |
| Song begins | |

| | |
|---|---|
| | यादगार सफ़र की यह तो शुरुआत है<br>सूझ बूझ से भरे हैं, अलग इनकी बात है<br>सयाने हैं, सजग हैं, ये सभी होशियार हैं<br>आने वाले कल के लिए, ये सब अब  तैयार हैं |